

## श्री राजीव रंजन झा
निदेशक (परियोजनाएं)

श्री राजीव रंजन झा, आयु 56 वर्ष, मार्च 1997 से पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) में कार्यरत हैं।

इन्होंने रांची विश्वविद्यालय के एनआईटी जमशेदपुर से विज्ञान (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) में स्नातक की डिग्री और इग्नू से प्रबंधन में डिप्लोमा प्राप्त किया है। इनके पास कुल 33 वर्षों का अनुभव है और ये 27 मई, 2019 से पीएफसी में कार्यकारी निदेशक (परियोजनाएं) के पद पर कार्यरत थे। इससे पहले, ये महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गोवा राज्यों में राज्य क्षेत्र समन्वय कार्य सहित पश्चिमी क्षेत्र में पीएफसी के ऋण पोर्टफोलियो को संभाल चुके हैं। इन्होंने पहले पीएफसी के साथ कंसोर्टियम लेंडिंग में प्रमुख एफआई के रूप में पूरे ऋण पोर्टफोलियो को संभाला है। इन्होंने पीएफसी के पूरे अक्षय ऊर्जा ऋण पोर्टफोलियो को भी संभाला है। इन्होंने पीएफसी में प्रोजेक्ट मूल्यांकन (विशेष रूप से स्वतंत्र निजी बिजली परियोजनाओं के लिए) और अल्ट्रा मेगा पावर प्रोजेक्ट्स पर भी काम किया है।

पीएफसी में शामिल होने से पहले, इन्होंने नवंबर, 1988 से फरवरी, 1997 तक विशाखापत्तनम स्टील प्लांट में काम किया है और उनके कोयला आधारित कैप्टिव पावर प्लांट के संचालन और रखरखाव तथा मैटेरियल प्लानिंग का काम भी संभाला है।